>

Title: Need to introduce flight services to Ajmer in Rajasthan-Laid.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, अजमेर नगर का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पुरातात्विक तथा शैक्षिक दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। धार्मिक दृष्टि से भी अजमेर की सुप्रसिद्ध दरगाह शरीफ तथा तीर्थ राज पुष्कर विश्वविख्यात है। यह नगर अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों तथा रेलवे से भी सब ओर से जुड़ा हुआ है परंतु अनेक आश्वासनों एवं सर्वेक्षणों के बावजूद भी यह शहर हवाई यातायात से सर्वथा वंचित है। परिणामस्वरूप विदेशी तथा देशी पर्यटकों आदि को अत्यधिक असुविधा होती है। जयपुर तक हवाई यातायात का सहारा लेकर फिर सड़क मार्ग से अजमेर पहुंचने में पर्यटकों का अत्यधिक समय, शक्ति का अपव्यय होता है। विगत वर्षों में अनेक छोटे बड़े नगरों में हवाई अड्डों की स्थापना हो गयी और वे हवाइ यातायात से जुड़ गये हैं परंतु अजमेर जैसा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं पर्यटकीय महत्व वाला नगर अभी तक एयरपोर्ट एवं वायु मार्ग की सुविधाओं से वंचित है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर नगर के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखकर तथा इसकी महत्ता को बनाये रखने हेतु इसे शीघ्र हवाई सेवाओं से जोड़ा जाये तथा उपयुक्त विमानपत्तन की स्थापना की जाये।